# बिहार विधान-सभा वादवृत्त ।

(भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर ।)

शुक्रवार, तिथि 14 जुलाई 1978 ।

विषय-सूची ।


पृष्ठ ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर—बिहार विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम 4 (॥) के परन्तुक के अन्तर्गत सभा-मेज पर रखे गये प्रश्नों के लिखित उत्तरों का सभा-मेज पर रखा जाना—

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 246, 254, 256, 268, 1203, 1205, 1212, 1213, 1214, 1215, 1216, 1221, 1222, 1225, 1226, 1228, 1229, 1230, 1231, 1233, 1235, 1236, 1238, 1241, 1242, 1244, 1245, 1247, 1249, 1255, 1258, 1259, 1263, 1264, 1266, 1271, 1274, 1278, 1279, 1280, 1288, 1293 एवं 1295 । 1—56

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

परिशिष्ट 1 .. .. .. 57—62

परिशिष्ट 2 .. .. .. 63—206

दैनिक निवन्ध .. .. .. 207-208


टिप्पणी—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपने भाषण संशोधित नहीं किए

## समिति का निबंधन

सह-15. श्री दुर्गादास राठौर—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह वतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह वात सही है कि मई, 1976 में श्रमिक सहयोग समिति, वस्तवारा, जिला दरभंगा के निबंधन के लिये सहयोग समितियां सहायक निबंधक कार्यालय, लहेरियासराय, दरभंगा को वी० डी० ग्रो०, सिंहवारा ने ग्रावश्यक कागजात भेजा ;

(2) क्या यह वात सही है कि निबंधन की स्वीकृति के लिये संयुक्त निबंधक, सहकारिता विभाग, तिरहुत प्रमण्डल, मजफ्फरपुर को उक्त कागजात भेजा गया जिसका पत्र संख्या 481, तिथि 15 अप्रील 1977 है ;

(3) क्या यह वात सही है कि ग्राजतक वस्तवारा श्रमिक सहयोग समिति का निबंधन नहीं हुग्रा; यदि हां, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, सहकारिता विभाग—(1) जी हां।

(2) जी हां।

(3) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

समिति के निबंधन से संबंधित कागजात सहायक निबंधक, सहयोग समितियां, दरभंगा द्वारा प्रमण्डलीय संयुक्त निबंधक मुजफ्फरपुर को भेजा गया कि वे समिति के निबंधन हेतु स्वीकृति दें। पर संयुक्त निबंधक ने सूचित किया कि संगठन-पत्र उनके कार्यालय में प्राप्त नहीं हुग्रा है। संगठन-पत्र मार्ग में ही गुम हो गया है समिति को पुनः संगठन से संबंधित कागजात समर्पित करने के लिए कहा गया है ।

---

## बीज की ग्रावश्यकता

ट-9. श्री दुर्गा दास राठौर—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि दरभंगा जिला में रब्बी की वोग्राई के लिए इस वर्ष कितने गेहूं की बीज की ग्रावश्यकता थी ग्रौर कितना वीज भेजा गया है ?

प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग—दरभंगा जिला में रब्बी की बोग्राई के लिये इस वर्ष कुल करीब 500 क्वींटल बीज की ग्रावश्यकता थी ग्रौर 319 क्वींटल बीज भेजा गया ।